## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला योजना भवन में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, डीएफओ पूर्व एस प्रीता, डीएफओ पश्चिम श्री एमएस मौर्य, एडिशनल एसपी श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम मंडला सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। जिला खनिज अधिकारी हितेश बिसेन ने वर्ष के दौरान की गई कार्रवाई से अवगत कराते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के कुल 196 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें खनिज विभाग के 137, राजस्व विभाग के 53 एवं पुलिस विभाग के 6 प्रकरण शामिल हैं। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के कुल 173 प्रकरण दर्ज किए गए थे, जिनमें 73.92 लाख रुपये का अर्थदण्ड वसूला गया। वहीं वर्ष 2025-26 में अब तक 196 प्रकरणों में 91.65 लाख रुपये का अर्थदण्ड वसूला जा चुका है। बैठक में नवीन चिन्हित रेत खदानों के संबंध में वन विभाग से अप्राप्त प्रतिवेदनों पर भी चर्चा की गई तथा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अवैध खनन पर सख्ती से कार्रवाई जारी रखने तथा संबंधित विभागों के समन्वय से प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## डामलीकरण सड़क निर्माण कार्य बना चर्चा विषय

# ठेकेदार पर लग रहा घटिया निर्माण का आरोप

* वार्ड नंबर 6 एवं 9 में हो रहा सड़कों का निर्माण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया



लम्बे समय से परिषद की सड़कें खराब हो चुकी थी, दो वर्ष पहले कंक्रीट सड़क निर्माण कराया गया था जो निर्माण के बाद से ही खस्ता हाल हो चुकी थी और दो वर्षों के बाद उन्हीं सड़कों के ऊपर टायरिंग की जा रही जिसकी डामल की गुणवक्ता इतनी खराब है कि सड़क बनते ही गिट्टियाँ उखड़ने लगी लगता है नगर परिषद को भविष्य में कोई अच्छी सड़क का आभाव रहेगा लाखों करोड़ों की सड़कें बनते ही उखड़ने लगे तो यहां की जनता का क्या होगा 4 दिन और रात में पूरी सड़क बनकर तैयार।



नगर के वार्ड नंबर 9 और वार्ड नंबर 6 में हाल ही में किए गए सड़क निर्माण कार्यों ने प्रशासन के दावों की पोल खोल दी है। मुख्य सड़क से रेस्ट हाउस (वार्ड नंबर 9) और वार्ड नंबर 6 में बनाई गई सड़कें पहली नजर में ही गुणवत्ताहीन और मानकों के विपरीत नजर आ रही हैं। स्थानीय निवासियों ने इसे सीधे तौर पर 'भ्रष्टाचार का खेल' करार दिया है।

### प्रमुख समस्याएँ और अनियमितताएँ

क्षेत्रीय जनता का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान न तो सही माप-दंडों का पालन किया गया और न ही सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखा गया। मानकों की अनदेखीः सड़कों की मोटाई और चौड़ाई निर्धारित सरकारी गाइडलाइन के अनुसार नहीं है। घटिया सामग्रीः निर्माण में उपयोग की गई सामग्री , गिट्टी, ओर डामल की गुणवत्ता इतनी खराब है कि सड़क बनने के साथ ही उखड़ने लगी है। बिना बेस के निर्माणः स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क बिछाने से पहले जमीन का समतलीकरण और बेस तैयार करने की प्रक्रिया को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया।

### वार्ड वासियों ने लगाए गंभीर आरोप

वार्ड नंबर 6 और 9 के निवासियों का कहना है कि संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से इस निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं की जा रही है।

### इनका कहना है :-

*इस मामले को लेकर अब क्षेत्र में विरोध के स्वर तेज हो रहे हैं। निवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है किः सड़क निर्माण की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराई जाए। दोषी ठेकेदार और गैर-जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई हो। सड़क का निर्माण मानक मापदंडों के अनुसार कराया जाए। वार्ड नं 6,9, में कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में मानको ओर गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य नहीं होने पर ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही की जा सकती हैं।*

***-रानू रणधीर सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष नगर परिषद***

*रात्रि में निर्माण कार्य न करने रोक लगाई गई थी फिर भी ठेकेदार ने रात्रि में काम किया जिसे परिषद ने अपने संज्ञान में लिया है।*

***-एच आर कुरैशी, उपयंत्री नगर परिषद***

# अवैध बेसमेंट निर्माण पर कार्रवाई, निर्माण सामग्री जब्त



* नगर में बने अन्य बेसमेंटों पर भी क्या होगी कार्यवाही?

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश एवं एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम के मार्गदर्शन में जिले में अवैध निर्माण कार्यों के विरुद्ध सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को तहसील कार्यालय के समीप अनुमति के विपरीत किए जा रहे निर्माण कार्य पर राजस्व और नगरपालिका की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है।

तहसील कार्यालय के सामने गीता राय, निशा जायसवाल एवं गीत जायसवाल द्वारा भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा था। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित पक्षों द्वारा प्रशासन से प्राप्त अनुमति की शर्तों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से बेसमेंट का निर्माण किया जा रहा था। शिकायत और जांच की पुष्टि होने पर नायब तहसीलदार राम सिंह उलाड़ी के नेतृत्व में राजस्व विभाग और नगरपालिका की टीम ने मौके पर पहुँचकर नियमों के विरुद्ध हो रहे निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद करवा दिया गया। साथ ही मौके पर मौजूद निर्माण सामग्री को नगरपालिका एवं राजस्व टीम द्वारा संयुक्त रूप से जब्त किया गया। कार्यवाही के दौरान आरआई, नगरपालिका एवं राजस्व का अमला उपस्थित थे।



# 253 गुम मोबाइल रिकवर कर वैध धारकों को लौटाए, कीमत 38 लाख

* थाना स्तर पर डिसेंट्रलाइज्ड मोबाइल वितरण, माइक्रोबीट अधिकारी घर पहुंच कर, कर रहे सुपुर्दगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में आमजन के गुम हुए मोबाइल फोन की शीघ्र बरामदगी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 24/02/2026 को पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में रिकवर किए गए मोबाइल फोन उनके वैध मोबाइल धारकों को प्रदान किए गए। इस अवसर पर आज मुख्यालय स्तर पर पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा द्वारा थाना कोतवाली एवं थाना महाराजपुर क्षेत्र अंतर्गत गुम हुए कुल 171 मोबाइल फोन तथा अनुविभागीय स्तर पर जिले के समस्त थानों द्वारा बरामद कुल 253 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 38 लाख रुपये है, मोबाइल धारकों को सुपुर्द किए गए। अपने गुम मोबाइल वापस प्राप्त कर हितग्राहियों द्वारा मंडला पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। आमजन की सहूलियत को दृष्टिगत रखते हुए जिला मुख्यालय के अतिरिक्त मोबाइल फोन का डिसेंट्रलाइज्ड डिस्ट्रीब्यूशन (विकेंद्रीकृत वितरण) थाना स्तर पर भी किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को शीघ्र एवं आसानी से अपने मोबाइल प्राप्त हो सकें। साथ ही कान्हा नेशनल पार्क से लगे दूरस्थ क्षेत्रों में माइक्रोबीट अधिकारियों द्वारा फरियादियों के घर पहुंचकर भी मोबाइल सुपुर्द किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मंडला पुलिस द्वारा CEIR एवं NCRP पोर्टल के प्रभावी उपयोग, साइबर डेस्क की सक्रियता तथा थाना स्तर पर गठित प्रशिक्षित टीमों के माध्यम से मोबाइल रिकवरी अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप पिछले दो वर्षों में मंडला पुलिस द्वारा कुल 2767 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग ₹4 करोड़ 15 लाख रुपये है, रिकवर कर उनके वैध मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। मंडला पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है तथा आमजन को CEIR पोर्टल के उपयोग एवं साइबर जागरूकता के संबंध में भी निरंतर जागरूक किया जा रहा है।

## बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर मैरिज गार्डनों का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिले में संचालित हो रही बोर्ड परीक्षाओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में प्रशासनिक टीम द्वारा मैरिज गार्डनों और विवाह स्थलों का रात्रि कालीन औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को शांत वातावरण उपलब्ध कराना और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखना है। नायब तहसीलदार राम सिंह उलाड़ी द्वारा बीती रात किए गए निरीक्षण के दौरान कुछ मैरिज गार्डनों में निर्धारित सीमा से अधिक शोर और तेज आवाज में डीजे बजता पाया गया। नायब तहसीलदार श्री उलाड़ी ने तत्परता दिखाते हुए निषादराज भवन और वृंदावन गार्डन में तेज डीजे साउंड को तत्काल बंद कराया। उन्होंने मैरिज लोन के संचालकों को सख्त हिदायत दी कि परीक्षाओं के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधितों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों और मैरिज गार्डन संचालकों से अपील की है कि वे परीक्षाओं के इस महत्वपूर्ण समय में सहयोग करें और देर रात तक तेज संगीत या डीजे बजाने से बचें, ताकि छात्र-छात्राएं बिना किसी व्यवधान के अपनी तैयारी कर सकें।

**जनगणना** | **महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सभी अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक।**

# दो चरणों में संपन्न होगी जनगणना

* डिजिटल जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण संपन्न।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




**जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला चार्ज स्तर के अधिकारियों को डिजिटल जनगणना 2027 के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को पूर्णतः डिजिटल, सटीक, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराना है। यह देश की अब तक की सबसे बड़ी डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल उपकरणों का उपयोग किया जाएगा।**

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि जनगणना का संपूर्ण कार्य डिजिटल माध्यम से किया जाएगा, इसलिए सभी चार्ज अधिकारी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और डिजिटल उपकरणों के उपयोग में दक्षता प्राप्त करें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे फील्ड अधिकारियों को सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि योजनाओं के निर्माण हेतु प्रमाणिक डाटा एकत्रित किया जा सके। उन्होंने इस कार्य से जुड़े संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हाउस लिस्टिंग के दौरान कोई भी मकान या भवन छूटना नहीं चाहिए। प्रत्येक प्रविष्टि सावधानीपूर्वक एवं तथ्यात्मक रूप से दर्ज की जाए तथा किसी भी स्थिति में गलत जानकारी न भरी जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सभी अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी एवं प्रतिबद्धता आवश्यक है।



### दो चरणों में होगी जनगणना

इस चरण में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) किया जाएगा। मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्णतः एचएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से संपन्न होगा। प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से हाउस लिस्टिंग की प्रक्रिया, ऐप का उपयोग, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई।

### द्वितीय चरण फरवरी-मार्च 2027

प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर शासन द्वारा अधिसूचित प्रश्नावली के अनुसार जानकारी एकत्र करेंगे। इसमें आवास की स्थिति, उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं, धारित परिसंपत्तियां एवं अन्य आवश्यक विवरण शामिल होंगे। एचएलओ के अंतर्गत केवल सामान्य परिवार एवं संस्थागत परिवारों को शामिल किया जाएगा। प्रत्येक भवन एवं जनगणना मकान को क्रमवार नंबर प्रदान किया जाएगा। जिला जनगणना प्रशिक्षण प्रभारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनगणना कार्य को पूर्ण गंभीरता, गोपनीयता एवं समन्वय के साथ संपन्न करें। सतत मॉनिटरिंग एवं नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्य समय-सीमा में पूरा हो सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों के प्रश्नों का समाधान किया गया एवं सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, सभी एसडीएम, समस्त तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जनगणना कार्य के लिए नियुक्त संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जनजाति समाज की उन्नति और सशक्तिकरण भाजपा की प्राथमिकता रही है:प्रदेशाध्यक्ष पंकज तेकाम

* भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का प्रथम आगमन, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष पंकज तेकाम के प्रथम मंडला आगमन पर जिले में स्वागत रैली निकालते हुए नगर भ्रमण किया। कटरा बायपास से लेकर भाजपा कार्यालय तक कार्यकर्ताओं का उत्साह देखा गया। जहां फूल-मालाओं और नारों के बीच प्रदेशाध्यक्ष सहित नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का भव्य अभिनंदन किया गया। कटरा बायपास में उनके स्वागत को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखा गया। जैसे ही प्रदेशाध्यक्ष का काफिला पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इसके बाद कटरा से विशाल रैली निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। वही नगर भ्रमण के दौरान महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। जिसके पश्चात रैली भाजपा कार्यालय पहुंची।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पंकज तेकाम ने अलग अंदाज में कहा कि कोई व्यक्ति दुनिया के किसी भी कोने में चला जाए, लेकिन अंत में वह अपने घर लौटता है। मंडला और डिंडोरी मेरा अपना घर है, यहां आकर ऐसा लग रहा है जैसे अपने परिवार के बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति समाज की उन्नति और सशक्तिकरण भाजपा की प्राथमिकता रही है। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार ने गांव-गांव तक सड़क, बिजली, पानी और आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई हैं। जब हमारी सरकार बनी, तब हमने संकल्प लिया कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचेगी। आज मंडला सहित पूरे प्रदेश में जो विकास दिखाई दे रहा है, वह उसी संकल्प का परिणाम है। श्री तेकाम ने कहा कि आदिवासी अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक काम हुआ है। वनाधिकार पट्टों का वितरण, जनजातीय छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं, आवास योजना और ग्रामीण सड़क निर्माण जैसे कार्यों ने जनजातीय क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में सेतु की भूमिका निभाएं।

प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम ने अपने संबोधन में प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पूर्व में भी विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने का अवसर मिला है और अब पुनः प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।

**खबर संक्षेप**

## बाजार में छले जा रहे उपभोक्ताओं का भगवान ही मालिक, पक्के बिल देने से कतरा रहे व्यापारी



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर सहित क्षेत्र के बाजारों में बढ़ रही बाजारो की चकाचौंध बढ़ने के साथ ही आस पास के गॉवो में स्थित दुकाने भी आधुनिक दौर की मनचाही चीजो से सजने लगी है, जीवन शैली बदलने, उपभोक्ता वादी संस्कृति की वजह से बाजार का विस्तार हो रहा है। यह बात अपनी जगह सही है किन्तु हकीकत यह है कि चमकते, दमकते बाजार में वर्तमान में उपभोक्ता की हैसियत ऐसी आदमी की रह गयी है, जो चुपचाप बिना मोलतोल किए अपनी जरूरी की चीजें खरीदकर घर वापिस हो जाते है, जाहिर है व्यापारी मुनाफा कमाने के चक्कर में इतनें संबेदन हीन हो गए है कि उन्हे उपभोक्ताओं को हितों को नजर अंदाज करने में मजा आ रहा है, जिसका नतीजा है कि उपभोक्ता ठगे जा रहे है और कई तरीकों से उनका आर्थिक शोषण होने से नही बच पा रहा है? बाजार में पत्थरो के बॉटो का चलन बरकार है, डिब्बे सहित मिठाईयॉ तौली जा रही है और एक ही चीज पर विभिन्न तरह के लेबिल लगाकर उन्हे बेरोक टोक बेचा जा रहा है? लुभावने विज्ञापनो के जरिए बिना गारंटी की वस्तुएॅ थमायी जा रही है। यही नहीं कोई भी सामान खरीदने पर आमतौर पर व्यापारी पक्का बिल देने से कतरा रहे है, जिससे शासन को प्रतिदिन लाखों का चूना लग रहा है, वही दूसरी ओर इन बातों से अंजान बना प्रशासन मूक दर्शक बनकर उपभोक्ताओं के हितों पर लगातार प्रहार होने का तमाशा देख रहा है, जिसके चलते आये दिन आम उपभोक्ता लुटने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है?

## बिजली विभाग की अनदेखी बनती है किसानों के परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जिस प्रकार से देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा एक ओर अपने बिजली बिलों की बसूली को लेकर तो सभी प्रकार के माप दंडों का उपयोग करते हुए किसानों से पैसा बसूने में उनके घरों में रखी हुई सामग्री तक जप्त करने से नही चूक रही है? मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा अपनी विद्युत लाईनों के रख रखाब की ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण प्रति वर्ष क्षेत्र के किसानों को बिजली विभाग की लापरवाही के चलते आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि बिजली विभाग की उदासीनता का परिणाम है कि किसानों के खेतों से निकली हुई बिजली लाईनों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि वह वर्षो पुरानी होने के कारण उनके तार झूला के समान झूलते हुए दिखाई दे रहे है और वह तार जरा से हवा चलते ही एक दूसरे से टकरा जाने की स्थिति में आग की चिन्गारी छोड़ना चालू कर देते है, इसके चलते किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसलों में आग लग जाने के कारण किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए प्रतिवर्ष मजबूर होते हुए देखा जाता है, जिसका उदाहरण इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने भी मिल रहा है जहां पर किसानों के खेतों में खड़ी हुई गन्ना फसल आये दिन आग से जलकर खाक होने से नही चूक रही है, क्योंकि क्षेत्र के गांवों की मेन्टेनेस व्यवस्था पर बिजली विभाग द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण गांवो में किसानों की सिंचाई हेतु स्थापित किये गये ट्रांसफार्मर भी जल जाते है जिनकों बदलवाने के लिए क्षेत्र के किसानों को बिजली विभाग के अधिकारियों के अनेक चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस स्थिति में देखा जावे तो जहां किसानों के खेतों में आग लगने के कारण उन्हें आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है वही दूसरी ओर कई दिनों तक बिजली बंद रहने के कारण उनकी सिंचाई का कार्य भी प्रभावित होता है। इस प्रकार से क्षेत्र के किसानों के खेतों में खडी हुई फसलों के ऊपर झूलते तारों के चलते दहशत में दिखाई पड़ रहे है और समय रहते हुए यदि बिजली विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही क्षेत्र के किसानों को फिर आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

# सड़क पर खड़े रहने वाले मालवाहक वाहनों से हाथ ठेला चालकों की जिन्दगी खतरे में, यातायात व्यवस्था में बाधक होने के बाद भी नजरंदाज करना पड़ रहा भारी...









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर का मुख्य मार्ग माने जाने वाला रास्ता राठी तिरहा से पुरानी गल्लामंडी होते हुये नया बस स्टेन्ड तक पहुंचने वाली सीमेन्ट सड़क कई वर्ष पुरानी होने के कारण आमजन के लिये परेशान होना पड़ रहा था। क्योंकि यह नगर का प्रमुख मार्ग इसलिये माना जाता है, इसी मार्ग से जहां मुख्य बाजार को पहुंचा जाता है, वही दूसरी ओर मंडी से लेकर पेट्रोल पंपों सहित अनेक शिक्षण संस्थाओं के लिये पहुंचने वाली सड़क होने के कारण जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण के लिये नगरवासियों द्वारा लगातार मांग उठाई जा रही थी जिसके चलते बड़ी मुश्किलों के बीच जब इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली तो नगरवासी खुशी से झूमते हुये देखे गये। मगर इस सड़क का निर्माण कार्य करने वाली एक निजी कंपनी द्वारा खुदाई करने के उपरांत निर्माण कार्य को बीच में ही छोड़ दिया गया था उसके चलते जहां नगर के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। मगर उम्मीद थी कि शायद कुछ परेशानियां झेलने के बाद सुविधा मिलेगी वह एक सपना साबित होते हुये जान पड़ रहा है। क्योंकि कुछ सालों पहले बड़ी मुश्किलों के बाद इस सड़क का निर्माण कार्य तो हो चुका है। मगर इस सड़क के निर्माण होने के बाद भी आम लोगों को परेशानियों से निजात मिलते हुये दिखाई नही पड़ रही है? क्योंकि इस मुश्किलों के बीच निर्मित इस सीमेन्ट सड़क की सच्चाई पर गौर किया जावे तो सड़क की पूरी एक पट्टी पर जिस प्रकार से लोडिंग वाहन मालिकों द्वारा कब्जा जमा लिये जाने के बाद इस समय यहां से यातायात व्यवस्था मात्र एक पट्टी के भरोसे ही चलते हुये देखी जा रही है। बताया जाता है कि नगर के राठी तिरहा से पुराने बस स्टेन्ड तक अनेक बड़ी लोहा सीमेन्ट सहित अन्य सामग्री की दुकाने संचालित हो रही है जिनका समान ग्राहकों के घरो तक पहुंचाने वाले अनेक प्रकार के लोडिंग वाहन मालिक इसी सड़क की एक पट्टी पर अपने वाहन खड़े करते हुये अघोषित रूप से दिन भर अतिक्रमण करते हुये कब्जा करने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार का हाल नये बस स्टेन्ड के पास भी देखने मिल रहा है जहां पर नवनिर्मित इस सड़क की एक साईड की पट्टी पर लोडिंग वाहनों के आलवा अनेक दुकानदारों द्वारा अपना कब्जा जमा लिया गया है? जिसका परिणाम है कि इस सड़क की एक साईड की पट्टी से जहां वाहन मालिकों का कब्जा होने से यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से बंद होने के कारण आमजन को अपने वाहन मात्र एक ही पट्टी से निकालने के लिये मजबूर रहने की स्थिति में जब बीच में कोई बड़ा वाहन फंस जाता है तो काफी समय तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है। रही सही कसर यहां पर मनमाने तरीके से खड़े रहने वाले आटों कसर पूरी करते हुये जान पड़ रहे है। इस स्थिति में सबसे अधिक परेशानी का सामना उन छोटे वाहन चालकों को करना पड़ता है जो दो पहिया वाहन से अपने परिवार को लेकर यहां से कही निकलकर जा रहे होते है या फिर कोई महिला स्कूटी के माध्यम से इस मार्ग से निकल रही होती है। वही दूसरी ओर हाथ ठेला के भरोसे अपनी रोजी रोटी कमाने वालो द्वारा इस प्रकार से सड़क पर अघोषित रूप से लोडिंग वाहन मालिकों द्वारा किये गये अपने वाहनों के माध्यम से अतिक्रमण के चलते उनकी रोजी रोटी भी छिनने से नही चूक पा रही है। यदि गौर किया जावे तो इसी मार्ग के किनारे अनेक ट्रांसपोर्ट भी संचालित हो रहे है जिन का माल आने ले जाने वाले ट्रको की लोडिंग व अनलोडिंग भी इसी सड़क पर खड़े करते हुये किये जाने के कारण आम लोगों के लिये परेशानी का सबब बनने से नही चूक पा रहा है। जिसके चलते यदि सड़क की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बड़ी मुश्किल से बनकर तैयार हुई इस सड़क को लेकर जिस प्रकार से नगर के लोगों ने सोचा था कि उन्हें परेशानी से निजात मिल जावेगी मगर जिम्मेदार अधिकारियों की अनादेखी के चलते वह मिलते हुये दिखाई नही पड़ रही है? इस तरह सड़क पर लगातार बढ़ रही वाहनों के अतिक्रमण की सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान न देना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों की यह अनदेखी एक बड़ी घटना को ओर संकेत देते हुये जान पड़ रही है? जबकि प्रतिदिन इस मार्ग से पुलिस अधिकारियों के साथ साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का निकलना होता रहता है, मगर वह भी चुपचाप इस सच्चाई को देखते हुये नजर अंदाज करते हुये निकलने से नही चूक पाते है, जिसके चलते इस मार्ग पर पूर्णरूप से लोडिंग वाहन मालिको का कब्जा होने के कारण आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहा है। जबकि नगर की सड़को पर यातायात में सुधार लाने के लिये पुलिस द्वारा घुमाये जाने वाला डंडा इस ओर नही घूमने के कारण आमजन को परेशान होने के साथ साथ किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?



## गांव में कीचड़ का साम्राज्य, स्वार्णिम म.प्र. बनने की सपने पर लग रहा ग्रहण..?

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र में बैठी सरकार द्वारा ग्रामों के विकास के लिए मनमानी धनराशि भेजकर उनकी सूरत बदलने की सोच बनाये हुए है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि धन राशि खर्च होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति नही बदल पाने के कारण जहां देश के मुखिया द्वारा देश को स्वच्छ बनाने के सपने पर पंचायतों में बैठे जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा ग्रहण लगाया जा रहा है? वही दूसरी ओर क्षेत्र की अनेक पंचायत की उदासीनता के चलते ग्रामवासियों को बदहाल स्थिति में जीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक ग्राम पंचायतों में देखने मिल रही है? बताया जाता है कि शासन द्वारा ग्राम पंचायत में सड़को के निर्माण सहित अन्य कार्यो के लिए काफी मात्रा में धनराशि खर्च की गई है, जिसके खर्च होने के बाद भी आज गांव की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि लोगों को घुटना घुटना कीचड़ के बीच से गुजरना पड़ रहा है। इस प्रकार से गांव में कीचड़ का साम्राज्य स्थापित होने के कारण जहां जनप्रतिनिधियों की कार्य शैली पर सबाल खड़े हो रहे है। वही दूसरी ओर जनपद में बैठे अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध बनने से नही चूक पा रही है? क्योंकि पंचायत के विकास कार्यो में हो रही गफलत बाजी की शिकायत जब अधिकारियों से की जाती है तो उनके द्वारा भी शिकायतों को नजर अदांज करते हुए अनदेखी कर दी जाती है, जिसके चलते जहां आम लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। वही दूसरी ओर प्रदेश को स्वच्छ बनाने का देश के मुखिया के सपने को भी अधिकारियों की मिली भगत से पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों द्वारा पलीता लगाया जा रहा है।

# मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता बनी विदिशा टीम, उप विजेता खिताब जबलपुर को





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

समाज सेवा के क्षेत्र में जिले के युवाओं के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले स्व.मणिनागेंद्र सिंह पटैल की स्मृति में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा के वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी स्टेडियम में खेली गई लेदर बाद क्रिकेट प्रतियोगिता में अनेक जिलों की टीमों ने भाग लिया गया था। मगर इस प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला बीते हुये दिवस जबलपुर तथा छत्रपति शिवाजी क्लब विदिशा की क्रिकेट टीमों के मध्य खेला गया जिसमें विदिशा टीम द्वारा जबलपुर को पराजित करते हुये जहां विजेता का खिताब हासिल किया तो जबलपुर उप विजेता बनी। वही प्रतियोगिता का समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक मौजूद रहेग। वही कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रदेश के पूर्व मंत्री जालम सिंह पटैल द्वारा की गई। वही अन्य अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल कक्काजी के आलवा सांईखेडा जनपद अध्यक्ष छत्रपाल सिंह राजपूत, वसंत तिवारी, अजय कुमार साहू , जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव, लोधी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष अशोक वर्मा,अशोक सिलोकिया,आनंद राजू, भोपाल सिंह, मनमोहन साहू, गोलू साहू, नर्मदा भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक, नरसिंहपुर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा, कृपाल सिंह करेली महामंत्री, पप्पू झारिया जनपद सदस्य, सजल जैन, पार्षद रोशन राजू राजपूत, परषोत्तम सकबार, सुनील पटैल, प्रदीप पटैल, संजय लोधी,राजा पटैल के आलवा श्री प्रदीप पटेल जी (रीछाई) श्री संजय लोधी जी (आमगांव बड़ा), राजा पटेल,आयोजन समिति के सदस्यगण केहर लोधी, रवि लोधी, सुनील लोधी, कमलेश लोधी राजेन्द्र त्रिवेदी, बसंत लोधी, नीलेश लोधी, ब्रजेश लोधी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर विजेता व उप विजेता टीमों को पुरूस्कार सौपते हुये कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व मंत्री जालम सिंह पटैल ने कहा निश्चित ही ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह से आयोजित प्रतियोगिता क आयोजनों से बच्चों को खेल की दुनिया में काफी कुछ सिखने का अवसर मिलता। इस प्रकार पूर्व विधायक गोविंद से पटैल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन, अनुशासन एवं खेल भावना का प्रेरणादायक परिचय दिया गया। ऐसे आयोजन ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। वही कार्यक्रम मे भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि ग्राम आमगांव छोटा के युवाओं द्वारा बीते हुये वर्षो से इस प्रतियोगिता का आयोजन शुरू किया उसका परिणाम है कि यह प्रतियोगिता संपूर्ण मध्यप्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाते हुये दिखाई देने लगी है। इसी का परिणाम है कि दूर दूर से टीम आकर इस प्रतियोगिता के माध्यम से अपने खेल का प्रदर्शन करते हुये देखी जाने लगी है।

# साईंखेड़ा में देखने मिला आस्था का सैलाब, दादा गुरू महाराज का पुष्प वर्षा करते हुये किया स्वागत





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

मां नर्मदा जी के अनन्य उपासक दादा गुरु की 'नर्मदा परिक्रमा की जमात' के साईंखेड़ा आगमन पर पूरा नगर भक्ति के रंग में सराबोर नजर आने से नही चूक रहा था। वही दादा धूनी नगरी की सड़को नई दुल्हन की तरह सजाया गया था। वही नगर में पधारे हुये हजारों परिक्रमावासियों के स्वागत के लिये जिस तरह जन सैला उमड़ते हुये देखा गया उसके चलते संपूर्ण धूनी नगर धर्ममय होने से नही चूक पाई थी। इस प्रकार से माँ नर्मदाजी के भक्त दादा गुरू महाराज व सैकड़ो की संख्या में शामिल परिक्रमावासियों का जब नगर की सीमाओं में प्रवेश हुआ तो दर्शन करने के लिये बेता लोगो ने परिक्रमा वासियों का स्वागत पुष्प वर्षा करते हुये गगन भेदी जयकारों के साथ किया गया। दादा गुरु के दर्शनों के लिए सड़कों के दोनों ओर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। नगर के प्रमुख चौराहों पर रंगोली सजाई गई थी और स्वागत द्वारों से पूरे मार्ग को भव्य रूप दिया गया था। कमला पैलेस में रहा पड़ाव। दादा गुरु के साथ चल रहे लगभग 3 से 4 हजार परिक्रमा वासियों के ठहरने की व्यवस्था कमला पैलेस में की गई थी। यहाँ यात्रियों के लिए भोजन, विश्राम और स्वास्थ्य सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम रहे। प्रशासन की ओर से नरसिंहपुर एस पी एडिशनल एसपी एवं जिला पंचायत सीईओ (नरसिंहपुर) सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभाला, ताकि इतनी बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अमृतवाणी सुनने उमड़े हजारों श्रद्धालु। बीते हुये सोमवार को शाम 7:00 बजे कमला पैलेस प्रांगण में धर्म सभा का आयोजन हुआ। दादा गुरु की 'अमृतवाणी' सुनने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। गुरुदेव के प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शांति और अनुशासन बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवकों की टीम मुस्तैद रही। धूनीवाले दादा के दरबार में टेका माथा। अगले दिन प्रातः काल 7:00 बजे दादा गुरु अपने शिष्यों और परिक्रमा वासियों के साथ स्थानीय दादा जी धूनीवाले मंदिर पहुँचे। यहाँ विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई। मंदिर परिसर गुरुभक्ति के नारों से गूंज उठा। पूजन के पश्चात जमात ने अपने अगले गंतव्य की ओर प्रस्थान किया।




## म.प्र.शासन का लेख कराते हुए बगैर परमिट दौड़ रहे चार पाहिया वाहन

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** आबादी के बढ़ते दबाव के चलते पूरे जिले मे सड़कों पर दौडने वाले चार पहिया सवारी बाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ती चली जा रही है। इन वाहनों पर नियंत्रण के लिए नियम कायदे बने है, जिनका पालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है मगर विभागीय सुस्ती के कारण सड़कों पर बगैर परमिट के अनेक टैक्सी धडल्ले से चल रहे है, कभी कभार कागजी खानापूर्ति के लिए एक दो वाहनों का चालान कर दिया जाता है बगैर टैक्सी परमिट के दौड़नें वाले वाहनों की संख्या क्षेत्र में हजारों में है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यहां पर स्थित अनेक कंपनियों द्वारा अनेक वाहनों को किराया पर ले किया गया है, जिनके किराय से लागने के लिए भी परमिट होना जरूरी होता है मगर बिना टैक्सी परमिट के वाहन मे सवारियों का परिवहन करना सरा सर परिवहन नियमों की अवहेलना है? मगर अक्सर देखा जाता है कि शासकीय कार्यालयों में लगे हुए अनेक वाहनों में म.प्र. शासन का लेख कराते हुए उन्हें किराय के रूप में खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियाँ उठाई जा रही है? एक तरफ जहां नियमों के परखच्चे उड़ रहे है, वही दूसरी तरफ टैक्स के माध्यम से सरकार को मिलने वाले राजस्व को भी हानी पहुंच रही है, देखने मे आ रहा है कि अधिकांश जीप, मार्शल, बुलेरो, स्कारपियों या उसे जैसे वाहन निजी कंपनियों में किराय पर सवारी ढोने के काम मे लगे हुए है, इस प्रकार वाहन मालिक टैक्स की राशि बचाकर अपने वाहनों को सवारियों के परिवहन मे लगा देते है और परिवहन विभाग कभी इसी जांच के लिए व्याापक अभियान नही छेड़ता, परिणाम स्वरूप ऐसे वाहन धडल्ले से चल रहे और इनकी संख्या दिनो दिन बढ़ती जा रही है, जब कोई दुर्घटना होती है तब अधिकारियों से लेकर आम पब्लिक हाथ मलते रह जाती है, नगर में स्थित व क्षेत्र में स्थित अनेक कंपनियों में इसी प्रकार अधिकांश शासकीय विभागों मे

# शांतिपूर्वक संचालित हो रही बोर्ड परीक्षाओं के बीच संपन्न हुआ गणित का पेपर

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**





क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रो पर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा जहां शांति पूर्वक चलते हुये दिखाई दे रही है। वही दूसरी परीक्षा केन्द्रो पर सुरक्षा सहित अन्य प्रबंध इतने सख्त दिखाई दे रहे है कि परिंदा भी पर नही मार सकता है। वही बीते हुये दिवस कक्षा 10 वीं की वार्षिक परीक्षा सुचारु रूप से जारी हे। मंगलवार को गणित विषय क़े प्रश्न पत्र को क्षेत्र क़े परीक्षा केंद्रों पर छात्र छात्राओं ने हल किया। पूर्व से चयनित गणित के बेसिक व स्टेण्डर्ड विषय के परचे छात्र छात्राओं ने हल किये। बही बताया जाता है कि परीक्षा शुरू होने क़े पूर्व थानो से कलेक्टर प्रतिनिधियों की मौजूदगी मे सील बंद प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्रों तक लाया गया जिन्हे सीधे परीक्षा केंद्रों क़े कमरों मे पेपर शुरू होने क़े 5 मिनिट पूर्व पर्यवेक्षको ने छात्र छात्राओ को वितरित किये । नगर क़े परीक्षा केंद्रों बीटीआई स्कूल, कन्या नवीन, कन्या शाला एवं आदर्श उ मा विद्यालय मे सुबह से ही नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के परीक्षार्थी एकत्रित होना शुरू हो गए थे। हाईस्कूल परीक्षा क़े मे सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे के उड़नदस्ते ने तूमड़ा, सांदीपनी विद्यालय साईंखेड़ा सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी एवं आवश्यक निर्देश दिए। उक्त परीक्षा हेतु क्षेत्र साईंखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक क़े ग्रामीण क्षेत्रो मे भी केंद्र बनाये गए हैं। मंगलवार को गणित के परचे वाले दिन परीक्षा देकर निकल रही छात्रा सोनम कहार ने बताया कि गणित बेसिक का परचा सामान्य था । परचे मे ठीक ठाक प्रश्न आये थे। छात्रा रेखा केवट ने बताया कि गणित जैसे जटिल विषय के पेपर मे शुरू मे तो डर लगा लेकिन पेपर शुरू होते ही उसे देखकर तनाव दूर हो गया। छात्र राकेश केवट ने बताया कि पहले सरल प्रश्न हल किये उसके बाद कठिन प्रश्न हल किये। वहीं गणित विषय मे पेपर के बारे मे शिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ प्रमोद राय ने बताया कि परीक्षा उपरांत स्कूल के छात्र छात्राएं मिले थे उनके प्रश्न पत्र को देखकर लगा कि जिन प्रश्नों को हल करवाने का अभ्यास अक्सर करवाते हे उसी जैसे प्रश्न आये।

खबर संक्षेप

## सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में डिंडौरी जिला 97. 62 प्रतिशत पर पहुँचा


डिंडौरी। जिले में सीमांकन प्रकरणों के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए राजस्व विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप डिंडौरी जिले ने सीमांकन मामलों के समाधान में 97०62 प्रतिशत की उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।आधिकारिक जानकारी के अनुसार जिले में कुल 5007 सीमांकन प्रकरण दर्ज हुए थे। इनमें से 4888 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा चुका हैए जबकि वर्तमान में 119 प्रकरण लंबित हैं। लंबित मामलों के समाधान की प्रक्रिया जारी है।अनुभागवार स्थिति पर नजर डालें तो अनुविभाग डिंडौरी में 2855 प्रकरणों में से 2774 का निराकरण कर लिया गया है और 81 प्रकरण शेष हैं। अनुविभाग शहपुरा में 1230 में से 1209 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका हैए जबकि 21 प्रकरण लंबित हैं। इसी प्रकार अनुविभाग बजाग में दर्ज 922 प्रकरणों में से 905 का निराकरण हो चुका है और 17 प्रकरण शेष हैं।जिले की अधिकांश तहसीलों में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की दर 97 से 99 प्रतिशत के बीच है। जिला प्रशासन ने शेष प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों और तहसीलदारों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैंए ताकि आम नागरिकों को राजस्व संबंधी मामलों में समयबद्ध राहत मिल सके।

## अवैध खनिज परिवहन पर सख्तीए ओवरलोड रेत से भरा हाइवा जब्त



डिंडौरी। जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में खनिज विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है।इसी क्रम में 24 फरवरी 2026 को ग्राम शहपुराए तहसील एवं थाना शहपुरा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान ओवरलोड रेत का परिवहन करते एक हाइवा वाहन क्रमांक ड्च२८०0992 को पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि वाहन चालक दीपांशु दुबेए निवासी करौंदीए तहसील शहपुराए जिला डिंडौरी द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक रेत का परिवहन किया जा रहा था।खनिज विभाग की टीम ने वाहन को जब्त कर सुरक्षार्थ थाना शहपुरा परिसर में खड़ा कराया है। संबंधित वाहन के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। प्रकरण को कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## शहपुरा नगर परिषद में विशेष टैक्स शिविरए सीएमओ ने नागरिकों से की अपील




शहपुरा। नगर के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद शहपुरा में 25 फरवरी को विशेष टैक्स शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कमिश्नर यूएडीडी सांकेत भांडवे के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है।शिविर में नागरिक अपने सभी प्रकार के नगरीय करों का भुगतान कर सकते हैंए पुराने बकाया करों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैंए सरकारी रिकॉर्ड में नाम या कर संबंधी त्रुटियों का सुधार करा सकते हैं और कर से जुड़ी अन्य शिकायतों का तत्काल समाधान करवा सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीना राठौर ने आम जनता से अपील की है कि वे कार्यालयीन समय में शिविर में उपस्थित होकर कर संबंधी समस्याओं का समाधान कराएं और समय पर कर जमा कर जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।

# कलेक्ट्रेट खेल मैदान में कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

# श्री अन्न कोदो कुटकी को बढ़ावा देने ओडीओपी मेला बना आकर्षण का केंद्र

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में कलेक्टर खेल मैदान में कृषि धन.धान्य योजना के अंतर्गत श्कृषि मेला सह प्रदर्शनी 2026श् का भव्य आयोजन किया गया।




डिंडौरी।

मेले का मुख्य उद्देश्य मिलेट्स ष्श्री अन्नष्ए विशेषकर कोदो.कुटकी के उत्पादन एवं प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करना रहा। कम जल में उगने वालीए पोषण से भरपूर और पर्यावरण के अनुकूल इस फसल को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के साथ जैव विविधता संरक्षण का आधार माना जा रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा श्एक जिला.एक उत्पादश ;ओडीओपीद्ध के तहत कोदो.कुटकी आधारित प्रदर्शनी लगाई गईए जिसमें जिले के कृषकोंए स्व.सहायता समूहों और विभिन्न विभागों ने सक्रिय भागीदारी की।कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारसए जनपद अध्यक्ष डिंडौरी श्रीमती आशा सिंहए नरेन्द्र सिंह राजपूतए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीरा रूद्रेश परस्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरियाए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरीए एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मेले में किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत मिलेट्स प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धित उत्पादों की चलित प्रदर्शनीए श्एक जिला.एक उत्पादश कोदो.कुटकी प्रदर्शनीए कृषक.वैज्ञानिक संवाद तथा मिलेट्स व्यंजन प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।नगर पालिका डिंडौरी द्वारा स्वदेशी हस्तनिर्मित उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। इसके अलावा नेचुरल फार्मिंग कंपनी लिमिटेडए तेजस्विनी रूरल डेवलपमेंट समितिए महिला एवं बाल विकास विभागए पोषण आहारए मण्प्रण राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनए पशुपालन एवं डेयरी विभागए मत्स्य पालनए उद्यानिकी एवं आयुष विभाग द्वारा भी मिलेट्स आधारित जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। मंच संचालन मंजू शर्मा एवं रेणु तिवारी ने किया।अपने संबोधन में नरेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि श्री अन्न स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है और वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन कृषि क्षेत्र में बजट प्रावधान कर किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। श्रीमती उजयारो बाईए फूलझरी बाई एवं रेखा दीदी ने अपने अनुभव साझा करते हुए किसानों से जैविक खेती एवं मिलेट्स अपनाने की अपील की।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि पीएम कृषि धन.धान्य योजना के तहत वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में श्एक जिला.एक उत्पादश योजना के तहत मिलेट्स को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि जिले की बहनें लहरी बाईए उजयारो बाईए फूलझरी बाई एवं रेखा दीदी ने श्री अन्न के भंडारण एवं प्रसंस्करण में उल्लेखनीय कार्य कर जिले को नई पहचान दिलाई है। कलेक्टर ने पर्यावरण संरक्षणए प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए किसानों से श्री अन्न की खेती अपनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों ने किसान मोटरसाइकिल एवं ट्रैक्टर रोड शो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रोड शो कलेक्टर खेल मैदान से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रानी अवंतीबाई चौकए भारत माता चौकए उत्कृष्ट विद्यालय चौराहाए रानी दुर्गावती चौराहाए बस स्टैंडए जलाराम पेट्रोल पंप चौराहाए भवानी चौक सुख्खार होते हुए चंद्रविजय महाविद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ।इस अवसर पर कृषि विभाग की उपसंचालक सुश्री अभिलाषा चौरसियाए सुश्री नेहा धूरियाए श्रीमती रूची नेतामए एनआरएलएम से श्रीमती अर्पणा पांडेए महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर सहित विभागीय अधिकारी.कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## बांध क्षेत्र में अवैध ब्लास्टिंग का सनसनीखेज मामला प्रोजेक्ट मैनेजर समेत 5 पर एफआईआर 3 गिरफ्तार



शहपुरा बिना अनुमति विस्फोट से हड़कंप, बीडीएस टीम ने बरामद किए जिंदा बारूद; दो आरोपी फरार, जांच में और नाम आने के संकेतअवैध ब्लास्टिंग कांडः प्रोजेक्ट मैनेजर समेत 5 पर एफआईआर, 3 आरोपी गिरफ्तार संवेदनशील बांध क्षेत्र में नियमों की खुलेआम अनदेखी का बड़ा मामला सामने आया है। जिले के शहपुरा क्षेत्र स्थित बिलगढ़ा बांध इलाके में बिना अनुमति किए गए विस्फोटों पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो फरार बताए जा रहे हैं। *बिना अनुमति चल रही थी ब्लास्टिंग*जानकारी के अनुसार जल निगम की बहु-करोड़ परियोजना के तहत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का कार्य मेसर्स जीए इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर द्वारा लगभग 294 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य 316 गांवों तक पेयजल पहुंचाना है।लेकिन आरोप है कि इसी परियोजना की आड़ में बांध जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में बिना किसी वैधानिक अनुमति के ब्लास्टिंग कर दी गई। न विस्फोटक विभाग से अनुमति ली गई और न ही पुलिस-प्रशासन को पूर्व सूचना दी गई। इससे आसपास के इलाकों की सुरक्षा और बांध की संरचनात्मक मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।*5 पर मामला दर्ज, 3 हिरासत में*शहपुरा थाना पुलिस ने प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कैथ, ब्लास्टर दीपक बाजपेई सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धारा 5, 9(ख) और बीएनएस की धारा 288 के तहत अपराध दर्ज किया है। थाना प्रभारी अनुराग जामदार के अनुसार तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है, जबकि दो की तलाश जारी है।*बीडीएस टीम ने बरामद किए जिंदा विस्फोटक*मामला उजागर होने के बाद बालाघाट से बीडीएस टीम, शहपुरा पुलिस, तहसील प्रशासन और खनिज विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान 6 नग जिंदा विस्फोटक बरामद किए गए, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।*और नाम जुड़ने की संभावना*पुलिस सूत्रों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने पर और लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है। वहीं जल निगम अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि दोषी पाए जाने पर ठेकेदार कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जनसुनवाई में 75 आवेदन प्राप्तए कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के दिए

डिंडौरी।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुना गया। इस दौरान कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश देते हुए समय.सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में ग्राम अमरपुर निवासी शादाब खान ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उन्होंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा अझवार ;डिंडौरीद्ध द्वारा आयोजित ई.नीलामी में खसरा क्रमांक 108ध्1 की भूमि एवं भवन 15 लाख 10 हजार रुपये में क्रय किया था। पूरी राशि जमा करने के बावजूद तीन माह बीत जाने पर न तो नामांतरण किया गया और न ही कब्जा दिलाया गया। उन्होंने शीघ्र कब्जा दिलाने की मांग की।वनग्राम तांतर निवासी रविन्द्र कुमार मरावी ने स्वर्गीय दानी आजा के नाम दर्ज वनभूमि पट्टे में अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य पक्ष द्वारा अनुचित रूप से नाम दर्ज कराया गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की।ग्राम करौंदी निवासी लक्ष्मण प्रसाद बनावल ने एनएच.45 निर्माण कार्य के दौरान अधिग्रहित मकान एवं अन्य संरचनाओं का मुआवजा अब तक नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि जांच के बाद भी प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गयाए जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।माँ गायत्री मछुआ सहकारी समितिए बिछिया ;जनपद पंचायत शहपुराद्ध ने उमरिया जलाशय का दस वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा प्रदान करने की मांग की। समिति का पूर्व पट्टा 30 जून 2024 को समाप्त हो चुका है। आवेदन के बावजूद कृषि स्थायी समिति से अनुमोदन लंबित बताया गया है।ग्राम भरवईए पंचायत देवरी के इतवारी बैगा ने जनमन योजना अंतर्गत लगाए जा रहे सीमेंट पोल की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए बताया कि कई पोल क्षतिग्रस्त हैं। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण पोल लगानेए कार्य की जांच कराने तथा वंचित परिवारों का पुनः सर्वे कराने की मांग की।ग्राम बहारपुर के एक आवेदक ने बताया कि वे पिछले 30 वर्षों से लगभग तीन एकड़ वनभूमि पर खेती कर रहे हैंए किंतु पात्र होने के बावजूद उन्हें अब तक वनाधिकार पट्टा प्रदान नहीं किया गया है। उन्होंने शीघ्र पट्टा दिलाने की मांग की।जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को जांच कर नियमानुसार एवं समय.सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि प्रत्येक प्रकरण का विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरीए एसडीएम सुश्री भारती मेरावीए डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिकए डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## आकांक्षी विकासखंड बजाग में संपूर्णता अभियान की समीक्षा

# बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों पर जोर



डिंडौरी।

क्षेत्र के समग्र विकास और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद पंचायत बजाग में सामान्य सभा के साथ ष्संपूर्णता अभियान 2०0ष की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती फूल कली मरावी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विकासखंड की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर आगामी कार्ययोजना तय की गई।बैठक में ष्संपूर्णता अभियान 2. 0ष के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति पर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल एवं क्रियाशील शौचालय की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार का नियमित वितरण हो तथा बच्चों के वजन और ऊंचाई का शत.प्रतिशत मापन कर सटीक डाटा एंट्री की जाएए ताकि कुपोषण मुक्त बजाग का लक्ष्य हासिल किया जा सके।आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया गया कि किसी भी ग्राम में पेयजल संकट न उत्पन्न होए इसके लिए समय रहते आवश्यक प्रबंध किए जाएं। वन विभाग को भी गर्मी के दौरान जंगलों को आग से सुरक्षित रखने के लिए ज्वलनशील पदार्थों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने तथा उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया। जानकारी दी गई कि 1078 हितग्राहियों के लिए पूर्व स्वीकृत आवासों की राशि जारी कर दी गई हैए जिससे ग्रामीणों को शीघ्र ही पक्के मकान उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त बजाग विकासखंड में स्थानीय जनजातीय कला को बढ़ावा देने के लिए गोंडी पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गयाए जिससे युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।एसडीएम रामबाबू देवांगन ने सभी विभागीय अधिकारियों को समय.सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कृषि एवं पशुपालन विभाग को ग्राम चौपाल आयोजित कर योजनाओं की जानकारी सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग को आगामी शैक्षणिक सत्र में शत.प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।इस दौरान जनपद पंचायत बजाग कार्यालय में नवीन आरओ पेयजल प्यूरीफायर का जनपद अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा लोकार्पण भी किया गयाए जिससे गर्मी के मौसम में कार्यालय आने वाले हितग्राहियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बजाग राम बाबू देवांगन ने कहा कि लक्ष्य केवल कागजी उपलब्धियां नहींए बल्कि जमीनी स्तर पर वास्तविक परिवर्तन लाना है। बजाग विकासखंड को विकास के प्रत्येक मानक पर अग्रणी बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है।बैठक में जनपद उपाध्यक्ष राधेश्याम कुशरामए सदस्य विनोद साहूए लोकेश पटेरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनपद सदस्य उपस्थित रहे।




# पत्रकारिता के गौरव नितिन गुप्ता को भामाशाह सम्मान

शहपुरा।

भोपाल में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में डिंडोरी जिले के सक्रिय पत्रकार एवं जिला अध्यक्ष नितिन गुप्ता को पत्रकारिता और सामाजिक सक्रियता में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित ष्भामाशाह सम्मानष से सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह में प्रदेश अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा ने नितिन गुप्ता की निष्पक्ष पत्रकारिता और सामाजिक समर्पण की सराहना की। इस घोषणा से जिले के पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल बन गया। सहकर्मियों ने इसे नितिन गुप्ता की व्यक्तिगत उपलब्धि और डिंडोरी जिले की सक्रिय पत्रकारिता का प्रतीक बताया।

# पाटनगढ़ में गोंड पेंटिंग शिल्पियों को टूलकिट वितरण 25 दिवसीय डिजाइन वर्कशॉप से निखर रही प्रतिभा

डिंडौरी।

आकांक्षी विकासखंड करंजिया के पाटनगढ़ में कार्यालय विकास आयुक्त ;हस्तशिल्पद्धए वस्त्र मंत्रालयए भारत सरकार की केंद्र प्रायोजित योजना एचडीपी ;छंजपवदंस भ्दकपबतंजि क्मअमसवचउमदज च्तवहतंउउमद्ध के तहत गोंड पेंटिंग शिल्पियों के लिए टूलकिट वितरण कार्यक्रम और 25 दिवसीय डिजाइन वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 16 फरवरी से हस्तकला भवनए पाटनगढ़ में चल रही है।कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में पेंटिंग में उपयोग होने वाले सभी आवश्यक उपकरण और सामग्री की जानकारी प्रदान की गई। 100 स्थानीय शिल्पियों को टूलकिट वितरित कर उनकी कला को और अधिक निखारने का अवसर दिया गया। कार्यशाला का संचालन असिस्टेंट डायरेक्टर नरसिंह सैनी और एसडीएम रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर एनजीओ समर्थ संस्था की कार्यकारी निदेशक मंजू शर्मा और डिजाइनर राजेश बत्रा ने शिल्पियों को आधुनिक डिजाइनए फिनिशिंग और बाजारोन्मुख उत्पादन की तकनीक पर प्रशिक्षण दिया। वर्कशॉप गोंड कला प्रोड्यूसर कंपनी के सहयोग से आयोजित की गईए और इसमें तैयार उत्पादों को भोपाल में आयोजित प्रदर्शनी श्लोक रंगश में प्रदर्शित किया गयाए जहां सभी उत्पादों की बिक्री सफलतापूर्वक हुई। इससे शिल्पियों को कौशल विकासए आजीविका सुदृढ़ीकरण और बाजार से जुड़ने का सशक्त अवसर मिला।असिस्टेंट डायरेक्टर नरसिंह सैनी ने कहा कि यदि छोटे.छोटे हैंडीक्राफ्ट उत्पादों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण किया जाएए तो उन्हें विभिन्न ट्रेड फेयर और बाजारों के माध्यम से व्यापक स्तर पर विपणन का अवसर दिया जा सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन और कलेक्टर की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम जिले के विकासखंडों के लिए वरदान साबित होंगे और स्थानीय कला को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।एसडीएम रामबाबू देवांगन ने कहा कि इस तरह के सकारात्मक प्रयासों से शिल्पियों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भविष्य में अन्य विकासखंडों में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगेए जिससे पारंपरिक कला के प्रति अधिक से अधिक लोगों में रुचि बढ़े।कार्यक्रम के अंत में शिल्पियों ने अनुभव साझा किया कि टूलकिट मिलने से उनकी कला और भी निखरेगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गीता पत्ताए पाटनगढ़ के सरपंच चंद्र विजय कुशरामए नीति आयोग एबीएफ हरिश विश्वकर्माए बीएम आजीविका मोती सोनवानी सहित लगभग 300 ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यशाला में तैयार विभिन्न उत्पादों जैसे डायरी कवर पेंटिंगए आकर्षक पोस्टरए गॉगल्स केस कवर और बेल्ट पेंटिंग का प्रदर्शन किया गयाए जिसे सभी ने सराहा।



खबर संक्षेप

### लीनेस क्लब संस्कार का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस लीनेस क्लब संस्कार का 29 वां शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ सावित्री सिगनेचर होटल में संपन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह का प्रारंभ कृष्ण शर्मा के आतिथ्य में हुआ कार्यक्रम के दौरान तनुश्री खत्री के द्वारा एक मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की गई। इसके उपरांत डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष ज्योति तिवारी एवं एरिया ऑफिसर शिखा साहू के द्वारा अध्यक्ष रचना त्रिवेदी सचिन ज्योति पचौरी कोषाध्यक्ष वत्सला त्रिवेदी को मानव सेवा एवं समाज सेवा शपथ दिलाई गई क्लब के बी ओ डी संध्या कोठारी, ज्योति तिवारी, मालती त्रिवेदी , सुमन शर्मा, कमला मिश्रा क्लब संरक्षक की शपथ ली संध्या कोठारी निशा सोनी अर्चना सोनी गीता मिश्रा ज्योति पचौरी नंदिता चैबे शालू भाटिया रमा दुबे सुषमा मिश्रा सुषमा तिवारी ममता गुप्ता कुसुम राजपूत को डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में सुषमा मिश्रा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

# बंद गौशालाओं को प्रारंभ करने सतत प्रयास करें: कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में बंद गौशालाओं को एक सप्ताह में शुरू करें। ऐसी गौशालाएं जहां बिजली, पानी की व्यवस्था नहीं है, वहां सम्पर्क स्थापित कर सतत निगरानी करें। प्रत्येक नोडल अधिकारी की यह पहली प्राथमिकता होनी चाहिए कि वह पंचायत और संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर बंद गौशालाओं को प्रारंभ करवाने के लिए सतत प्रयास करें। इस संबंध में आ रही समस्याओं का समाधान करें। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति के साथ- साथ जिले में पशु प्रबंधन और नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिले के समस्त पशु चिकित्सक एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी मौजूद थे।



### लोगों को गौ सेवा के लिए करें प्रेरित

बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि भविष्य में गौशालाओं के लिए सीएसआर फंड से आवारा पशुओं को गौशाला पहुंचाने के लिए वाहन व्यवस्था करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। साथ ही सभी अधिकारी- कर्मचारी लोगों को प्रोत्साहित करें कि वे अपने जन्मदिन, पुण्यतिथि और वर्षगांठ जैसे विशेष अवसर पर गौशालाओं में आवश्यक सामग्री, चारा-फूसा आदि दान देकर मनाएं, जिससे गौ शालाएं व पशुओं का बेहतर तरीके से उनका रखरखाव हो सके। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि जिले की 5 गौशालाओं को चिन्हित कर उन्हें मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास करें। इन गौशालाओं में गाय के गोबर से विभिन्न उत्पादों का निर्माण करवाने के लिए गौशालाओं को प्रेरित करें। भविष्य में इन गौशालाओं में निर्मित गोबर के गमलों का उपयोग सरकारी कार्यालयों में होगा और उन्हें उपहार स्वरूप भी भेंट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नर्मदा तटों पर होने वाले दीपदान में गोबर के दीयो को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही गौकाष्ठ और खाद की बिक्री से आय बढ़ाने पर जोर दिया, जिससे गौशालाएं आत्मनिर्भर बन सकें।

### कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य हो पूर्ण

पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड- केसीसी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि जिन ब्लॉकों में केसीसी का लक्ष्य 30 प्रतिशत से कम है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। हिरण्यगर्भा अभियान के तहत कृत्रिम गर्भाधान कार्य के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। अभियान में गौशालाओं में गायों के कृत्रिम गर्भधारण की कम प्रगति को सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में उपसंचालक डॉ. सुनील बृजपुरिया ने पशु कल्याण समिति बैठक में रखे गए संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं आवश्यकताओं का अनुमोदन किया। उन्होंने बताया कि जिले के 61 ग्रामों को क्षीर धारा ग्राम योजना हेतु चयनित किया गया है, जिनमें वर्तमान में आधारभूत सर्वेक्षण कार्य ऑफलाइन और ऑनलाइन किया जा रहा है। आगामी माहों में इन ग्रामों में बांझ निवारण शिविर, बधियाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, नस्ल सुधार कार्यक्रम, चारा विकास, गोबर और अपशिष्ट प्रबंधन की कार्यवाहियां की जाएंगी।



### टीकाकरण के दिए निर्देश

व्हीईओ नरसिंहपुर डॉ. संजय मांझी ने बताया कि 27 एवं 28 फरवरी को नगरपालिका के सहयोग से सभी वार्डों में पालतू एवं निराश्रित कुत्तों के लिए निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए विभागीय टीमें गठित की जा चुकी हैं। साथ ही नरसिंहपुर शहर में आवारा कुत्तों के लिए डॉग शेल्टर होम बनाने हेतु स्थान चयन की प्रक्रिया जारी है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. आर के बमनेले ने विभागीय लक्ष्यों की प्रगति साझा की। उन्होंने बताया कि आचार्य विद्यासागर योजना में 65 का टारगेट था, जिसमें 80 प्रकरण बने हैं। समुन्नत मुर्रा पड़ा प्रदाय योजना में 35 लक्ष्य पूर्ण कर लिए गए निगम से डिस्ट्रिब्यूशन पैडिंग है। मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना में 23 नए केस डिसबर्स होने को तैयार हैं। भीमराव अंबेडकर में 10 का लक्ष्य था जिसमें से इस सप्ताह 2 केस डिसबर्स हुए हैं। इस पर कलेक्टर ने लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बकरी पालन प्रक्षेत्र उमरिया के प्रबंधक डॉ. बीके मुड़िया ने बताया कि प्रक्षेत्र में एक हजार 759 लोगों को बकरी पालन के लिए प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि चारा विकास के लिए चारा की नई प्रजाति मक्खन एवं दशरथ घास की बुवाई अभी हाल ही में की गई है। डॉ. नितेश जैन ने भारत पशुधन पोर्टल पर सटीक डेटा प्रबंधन के महत्व के बारे में बताया। एनडीएलएम अंतर्गत बताया गया कि अब पशुओं को ईयर टैग लगाने के बाद पशुपालक का आधार कार्ड अपडेट किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान कार्य के ऑनलाइन एंट्री के लिए पशुपालक से ओटीपी प्राप्त की जावेगी, ताकि यह कार्य और भी पारदर्शी बनेगा।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन 7 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य 7 मार्च 2026 तक सतत जारी है। जिले में किसान अपना पंजीयन बनाए गए 67 सहकारी समितियों में निःशुल्क करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से किसान एप पर पंजीयन कर सकते हैं। साथ ही एमपी ऑनलाइन एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के कियोस्क केंद्रों के माध्यम से अधिकतम 50 रुपये शुल्क देकर भी अपना पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए 23 फरवरी तक जिले के लगभग 6 हजार 404 किसानों ने ई-उपार्जन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराया जा चुका है। उन्होंने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि वे समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय का लाभ प्राप्त करने के लिए 7 मार्च 2026 के पूर्व अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन करा लें, ताकि उन्हें शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त हो सके।

## रासेयो स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण विशेष शिविर हेतु चयन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के द्वारा सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर का आयोजन 24 फरवरी से 2 मार्च 2026 को ग्राम बिलखरवा, भेड़ाघाट जबलपुर में किया जा रहा है जिसमें नरसिंहपुर जिले के प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा एवं छात्र इकाई से शालिनी चढार, आसना यादव, साक्षी रजक, शिखा साहू, हर्षित चैरसिया, विवेक मेहरा, दिव्यांश ताम्रकार, एवं इतेन्द्र का चयन हुआ है। सभी स्वयंसेवकों को मुक्त इकाई के शिविर में चयनित होने पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



## आदिवासी विकास परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद जिला शाखा द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गयाा। ज्ञापन में मांग की गई है कि 19 फरवरी को विधानसभा सत्र में राज्यपाल के अभी भाषण पर चर्चा के दौरान प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा प्रदेश में संसाधनों के आवंटन में पक्षपात के मुद्दे को उठाया जा रहा था इस पर प्रतिक्रिया देते हुए संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गी द्वारा औकात में रहना जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया जो न केवल अत्यंत आपत्तिजनक है बल्कि पूर्णता असंसदीय एवं अपमानजनक असंवैधानिक भी है संगठन मांग करता है मंत्री श्री विजयवर्गी तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए इस संसदीय एवं अपमानजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जानी चाहिए एवं भविष्य में ऐसी पुनरावृति रोकने के लिए ठोस कार्रवाई की जाना चाहिए अतः आपसे निवेदन है ज्ञापन पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में राजकुमार पन्द्रे जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद नरसिंहपुर



अध्यक्ष एवं युवा प्रभाग अध्यक्ष कमलेश कुमार उईके अध्यक्ष महिला प्रभाग श्रीमती भगवती तेकाम पूर्व जिला अध्यक्ष कढोरीलाल ठाकुर सुरेश तेकाम, संजय भलावी जिला अध्यक्ष भारत आदिवासी पार्टी दौलत मस्कोले ईश्वर ठाकुर विजय मरकाम राजेंद्र कुर्वेति एवं बहुत संख्या में आदिवासी लोग उपस्थित रहे।

## मां रेवा सेवा परिक्रमा यात्रा पर निकले सत्य सिंह पटेल, भेड़ाघाट में हुआ आत्मीय स्वागत

**गोटेगांव।** मां रेवा (मां नर्मदा) की पावन सेवा एवं परिक्रमा यात्रा पर निकले सत्य सिंह पटेल (मोनू) की आस्था और समर्पण इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। उन्होंने 15 फरवरी को अपनी आध्यात्मिक यात्रा का शुभारंभ पवित्र तीर्थ ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग से मां भगवती नर्मदा का आशीर्वाद लेकर किया।निरंतर पदयात्रा करते हुए 23 फरवरी को वे विश्वविख्यात तीर्थ एवं प्राकृतिक धरोहर भेड़ाघाट पहुंचे। इस पुण्य यात्रा में उनके साथ परमानंद पटेल, रवि ठाकुर एवं प्रदीप ठाकुर भी सहभागी हैं, जो सेवा और भक्ति भाव से यात्रा में संलग्न हैं।

### भेड़ाघाट में आत्मीय स्वागत

भेड़ाघाट पहुंचने पर मित्रगण, परिवारजन एवं स्नेहीजनों ने यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने श्रीफल भेंट कर मां रेवा सेवा परिक्रमा के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहने की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। वातावरण



"नर्मदे हर" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

### मां रेवा परिक्रमा का आध्यात्मिक महत्व

मां नर्मदा, जिन्हें श्रद्धा से 'रेवा' भी कहा जाता है, भारतीय संस्कृति में विशेष स्थान रखती हैं। मान्यता है कि मां नर्मदा की परिक्रमा अत्यंत पुण्यदायी होती है। परिक्रमा यात्री मां नर्मदा के दोनों तटों का भ्रमण करते हुए संयम, सेवा, साधना और श्रद्धा का पालन करते हैं।

यह यात्रा केवल भौतिक दूरी तय करने का नाम नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, त्याग, अनुशासन और ईश्वर भक्ति का मार्ग है। यात्री कठिन परिस्थितियों में भी मां रेवा का स्मरण करते हुए आगे बढ़ते हैं और सेवा, सहयोग तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज को देते हैं।

### सेवा और समर्पण का संकल्प

सत्य सिंह पटेल एवं उनके साथियों की यह यात्रा समाज में आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दे रही है। मां रेवा की सेवा परिक्रमा आस्था, समर्पण और आत्मिक साधना का प्रतीक मानी जाती है, जिसमें श्रद्धालु मां के तटों का दर्शन कर जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। मां नर्मदा से प्रार्थना है कि सभी यात्रियों की यात्रा मंगलमय हो और उन्हें सेवा, साधना एवं सद्मार्ग पर चलने की शक्ति प्रदान करें।

## जिला चिकित्सालय के वाहन स्टैंड पर पक्षों का हुआ विवाद




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला चिकित्सालय के वाहन स्टैंड परिसर पर दो पक्षों का विवाद हो गया। दोनों पक्षों के द्वारा एक दूसरे पर लाठी व डंडे से जमकर मारपीट की गई इस विवाद में एक युवक घायल हुआ है, जिसकी शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पंजाब के तरनतारन जिले के रहने वाले 24 साल के महावीर सिंह ने पुलिस को बताया कि वे अपनी कार से अस्पताल से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान तीन लड़कों ने उनकी गाड़ी रोक ली। बात गाली-गलौज से शुरू हुई और फिर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने महावीर सिंह की शिकायत के आधार पर कार्तिक पचौरी, सचिन कश्यप, सौरभ और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। मारपीट में महावीर के हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं, जिनका मेडिकल कराया गया है। उनके साथ मौजूद एक अन्य साथी को भी हल्की चोटें लगी हैं। पुलिस ने मौके से मिले डंडे, लाठी जबत किए। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति पूरी तरह साफ हो पाएगी कि विवाद किस बात को लेकर हुआ था।

## गर्भवती स्त्रियां ग्रहण की छाया से बचें : पं. सोहन शास्त्री

**गोटेगांव।** समीपवर्ती परमहंसी गंगा आश्रम के आचार्य पंडित सोहन शास्त्री ने 3 मार्च 2026 को पड़ने वाले खग्रास चंद्रग्रहण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि चंद्रग्रहण दोपहर 3:19 बजे प्रारंभ होकर 5:04 बजे मध्य अवस्था में रहेगा तथा सायं 6:47 बजे मोक्ष होगा। चंद्रग्रहण का सूतक काल ग्रहण से 9 घंटे पूर्व प्रभावी हो जाएगा।

पं. शास्त्री के अनुसार यह ग्रहण पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र एवं सिंह राशि में घटित होगा। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों—अरुणाचल प्रदेश, असम, नागालैंड एवं मणिपुर—में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

उन्होंने विशेष रूप से कहा कि गर्भवती महिलाओं को ग्रहण की छाया से बचना चाहिए। ग्रहण काल में मूर्ति स्पर्श, भोजन और शयन का निषेध बताया गया है।

अनिष्ट शांति हेतु जप, हवन, दान-पुण्य, गोदान, अन्नदान एवं वस्त्रदान करने की सलाह दी गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं से शास्त्रसम्मत नियमों का पालन कर धार्मिक आस्था के साथ ग्रहण काल व्यतीत करने का आग्रह किया।

## शिव महापुराण कथा में 12 ज्योतिर्लिंगों का रसपान

**गोटेगांव।** तहसील मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम लांटगांव में स्थानीय साहू समाज के तत्वावधान में शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान शिव की महिमा का श्रवण कर रहे हैं।कथा का वाचन बुंदेलखंड के सुप्रसिद्ध कथावाचक परम पूज्य नवीन बिहारी महाराज द्वारा बुंदेली बोली में किया जा रहा है, जिससे श्रोतागण भावविभोर हो उठते हैं। कथा के दौरान महाराज श्री ने भगवान शिव की अनंत महिमा का वर्णन करते हुए 12 ज्योतिर्लिंगों की विस्तृत कथा का रसपान कराया।

विशेष रूप से रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। पौराणिक मान्यता के अनुसार लंका विजय के पश्चात भगवान श्रीराम ने रावण वध के उपरांत ब्रह्महत्या दोष से मुक्ति पाने के लिए यहां



शिवलिंग की स्थापना की थी। माता सीता द्वारा रेत से निर्मित 'रामलिंग' तथा हनुमानजी द्वारा कैलाश से लाए गए 'विश्वलिंग' की आज भी वहां विधिवत पूजा की जाती है।कथा आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। क्षेत्र के ग्रामीणजन एवं भक्तगण श्रद्धाभाव से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।



### जनसुनवाई में आये 130 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 130 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य अधिकारियों ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## होली सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें



### शांति समीति की बैठक संपन्न

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को होली पर्व और इस्लाम के पवित्र मास रमजान को लेकर पुलिस थाना परिसर में शान्ति समीति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अनुभाग के अधिकारियों के साथ साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान होली सौहार्दपूर्ण शांतिपूर्ण वातावरण में मनायें जाने के साथ किसी भी प्रकार की कोई ऐसी स्थिति निर्मित ना हो जिससे किसी को परेशानी हो ज्वलन शील पेंट कीचड़ पीली मिट्टी का उपयोग ना करें। अश्लील गाना बजाना ना हो वनों की कटाई भी ना हो पानी के अपव्यय को रोकन सूखी होली खेलें नशा ना करें। मादक पदार्थों को बताकर सेबन करें। यदि कोई भी व्यक्ति उदंडता करता पाया जाता है तो उस पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।संवेदनशील भामा डोभी बिल्थारी बीकोर खमरिया सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की गश्त जारी रहेगी वहीं नगर में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की पेट्रोलिंग जारी रहेगी सभी वर्गों का सहयोग भी जरूरी है। मुस्लिम भाइयों का पवित्र रमजान माह चल रहा है।उनकी इबाइद में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो।आने वाले पखवाड़े में चेत्रीय नवरात्रि पर्व भी शुरू होगा सभी लोग मिलकर नवरात्रि पर्व को मनाये।

## ठेकेदार की मनमानियों का दंश भुगत रहे ग्रामीण

**तेंदूखेड़ा** गर्मी की आहट शुरू हो गई है। और पानी को लेकर समस्याग्रस्त ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल को लेकर समुचित सुविधाएं नहीं हो पाई है। वर्षों पूर्व काम लेकर बैठे ठेकेदार अभी तक पानी की टंकी का निर्माण नहीं कर पाये है। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार समीपी ग्राम बंधी सर्रा में अभी तक पानी की टंकी का निर्माण ना हो पाने के कारण पेयजल आपूर्ति अव्यवस्थित पड़ी हुई है। ग्राम पंचायत सरपंच ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि यहां पर विगत दो तीन सालों से ठेकेदार अपनी मनमानी पर उतारू पर है। शुरुआती दौर में टंकी निर्माण कार्य के पूर्व गांव भर की सड़कें खोदकर निर्धारित मापदंडों को ताक पर रखकर पाइप लाइन बिछा दी गई। कुछ ही दिनों में जहां तहां से टूटते फूटने के कारण कीचड़ जैसी स्थिति बनीं रही। लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा।अब पानी की टंकी निर्माण में भी हीलाहवाली की जा रही है।बार बार बोलने के बाबजूद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।आने वाली गर्मी में पानी की समस्या फिर से पैर पसारेगी ऐसी स्थिति में ग्रामीण पानी के लिए खेतों में लगे ट्यूब बेलों से पानी लाने निस्तार करने के लिए मजबूर होंगे।



### लगातार गिरता जा रहा जल स्तर

भले ही बरसात अधिक हुई है लेकिन पिछले 15 दिनों से जमीनी जल स्तर में काफी गिरावट आई है। लोगों का कहना है कि दिसंबर और जनवरी माह में होने वाली बरसात से जमीन में नमी बनी रहती थी। लेकिन इस बार बरसात ना होने के कारण अब यह स्थिति बनी हुई है।आने वाले समय में खरीफ सीजन की फसलें कट जाने के बाद अधिकांश क्षेत्रों में किसान नगद मूल्य की फसल मूंग की फसल लगायेंगे। सिंचाई को फिर से धरती की कोख से पानी चूसा जायेगा।जल स्तर और भी नीचे जायेगा।हेंडपंपो से पानी की जगह हबा निकलेगी जल स्त्रोत भी सूख जायेंगे।

### समस्याग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था जरुरी

चांवरपाठा विकास खंड में ऐसे अधिकांश ग्राम है जो नदी किनारे होने के बाबजूद भी प्यासे बने बैठे हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग से उत्तराखंड में बसे गांव विजोरा मानकपुर पीपरवानी पान घुचरी सिंगोटा रम्पुरा खमरिया बरांझ से लेकर आलनपुर ढिलवार जेतपुर मौआखेडा खकरैडी मर्रावन तक पानी की किल्लत होगी।